हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 अप्रैल 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नपा, राजस्व और यातायात पुलिस ने संयुक्त ...



05 बेरिकेटिंग करने में स्थानीय प्रशासन को ...



## खबर संक्षेप

### सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कैडेट का सम्मान

**विदिशा।** एसएटीआई के कैलाश सत्यार्थी आडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर की एनसीसी (सी )प्रमाण पत्र परीक्षा में प्रीतेश शिवंडे ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। प्रीतेश एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज विदिशा के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अन्तिम वर्ष के छात्र हैं। वहीं योगेश बरोदे ने ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप दिल्ली 2023 में भाग लेकर एसएटीआई का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर 14 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता ने पारितोषिक प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर कर्नल यश छिब्बर, सूबेदार मेजर हृदय रंजन, जेसीओ सूबेदार प्रमोद हेलबेडकर, संजीव कुमार माथुर, लेफ्टिनेंट वनिता प्रजापति, लेफ्टिनेंट सुरेन्द्र यादव एवं कई कैडेट उपस्थित रहे।

### बुजुर्गों को भोजन, गायों को गौग्रास खिलाया

**विदिशा।** जैन सोशल ग्रुप की संस्थापक सदस्य स्व. सविता जैन की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष निशुल्क हृदय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। ग्रुप की सचिव सारिका बडकुर ने बताया कि तीन माह पूर्व डॉ. नितिन जैन का ब्रेन स्ट्रोक से अल्पायु में असामयिक निधन हो गया। इस कारण इस वर्ष शिविर नहीं हो सका। ग्रुप के पदाधिकारी उस स्तर के चिकित्सकों से संपर्क कर रहे हैं। अगले माह हृदय रोग परीक्षण शिविर का आयोजन की संभावना है। जिसकी सूचना दी जाएगी। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि ग्रुप द्वारा पुण्यतिथि पर श्रीहरि वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराया गया व गौपाल कृष्ण गौशाला में गायों को गौग्रास ग्रुप अध्यक्ष विवेक जैन, सुधा जैन व आदित्य बडकुर द्वारा खिलाया गया। सभी ने सविता जैन व डॉ. नितिन जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कॉलेज भ्रमण कर अभियान चलाया गया



**विदिशा।** महिला थाने से महिला प्रधान आरक्षक सुनीता एवं आरक्षक पूजा त्रिपाठी ने गर्ल्स कॉलेज व एमएलबी गर्ल्स स्कूल का भ्रमण किया। वहां छात्राओं और टीचर से बातचीत कर उन्हें महिला संबंधी अपराध, घरेलू हिंसा, यातायात एवं साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया। 100 डायल के द्वारा बारे में बताया। उसके बाद मैत्री पीसीआर के द्वारा बाजार का भ्रमण किया।

### चैक पोस्टों पर सक्रिय हुई पुलिस, हो रही जांच

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस सक्रिय हो गई है। अग्रवाल एकेडमी स्कूल के पास बनाए गए चैकिंग प्वाइंटर पर पुलिस आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रही है। वहीं जिलेभर में बनाए गए चैकिंग प्वाइंट पर जवानों को तैनात किया गया है। जो वाहनों में ऐसी सामग्री की जांच कर रहे हैं जिससे लोकसभा चुनाव प्रभावित होने की संभावना हो।

## चुनावी मैदान में उतरने का समय समाप्त: अंतिम दिन पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने फार्म भरा

# सागर से 22, विदिशा संसदीय क्षेत्र से 20 ने नामांकन भरे, सोमवार को नाम वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा संसदीय क्षेत्र के नाम निर्देशन प्राप्ति के आखिरी दिन शुक्रवार 7 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए। संसदीय क्षेत्र विदिशा के निर्वाचन के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा आज की जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी शिवराज सिंह चौहान द्वारा चार नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। इसी प्रकार अभ्यर्थी सुभाषनी बाल्मिकी द्वारा दो नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित की गई है। मतदान 7 मई को होगा और मतगणना 4 जून को होगी। सोमवार को नाम वापसी के साथ ही बचे हुए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

### सोमवार को अभ्यार्थियों के चुनाव चिन्ह आवंटन होंगे

नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आनंटन के लिए अभी दो दिन का समय शेष है। इन दो दिनों में दोनों ही प्रमुख पार्टियां फार्म जमा करने वाले ऐसे अभ्यार्थियों से संपर्क में जुट सकती हैं जो वोटों का गणित बिगाड़ सकते हैं। सोमवार को नाम वापसी में कई अभ्यार्थी नामांकन फार्म खींच सकते हैं। सोमवार को नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा। सागर से भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े ने पहले ही अपना नामांकन जमा कर दिया था और चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। वहीं विदिशा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने 12 अप्रैल को चुनावी रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन जमा किया था। इससे पहले उन्होंने ने भी भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान की तरह ही चुनावी सभा को संबोधित किया था। इसके बाद रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन जमा किया। सबकी निगाहें अब राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की सभाओं पर टिकी हुई हैं। क्योंकि चुनाव में हवा का रुख किस तरफ है यह बड़े नेताओं की सभा के बाद ही उजागर होता है।

### विदिशा संसदीय क्षेत्र से इन अभ्यार्थियों ने जमा किए नामांकन

विदिशा संसदीय क्षेत्र से इंडियन नेशनल कॉंग्रेस के अभ्यर्थी प्रतापभानु शर्मा, निर्दलीय अभ्यर्थी मो. तलत खान तलत, राईट टू रिकॉल पार्टी के अभ्यर्थी धमेन्द्र सिंह पंवार, सपाक्स पार्टी की अभ्यर्थी सीमा शर्मा, इंडियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी के आनंद प्रताप सिंह ने नामांकन जमा किया है। वहीं जय प्रकाश जनता दल के कमलेश कुमार गौर, शिवसेना पार्टी के सत्येन्द्र सिंह सिसोदिया, निर्दलीय अभ्यर्थी अब्दुल जब्बार, इंडियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी की सुभाषनी बाल्मिकी, बहुजन समाज पार्टी के किशनलाल लड़िया, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के धर्मवीर भारती ने नामांकन जमा किया। इसी तरह महानवादी पार्टी के भीकम सिंह कुशवाह, निर्दलीय अभ्यर्थी अब्दुल रशीद, बहुजन मुक्ति पार्टी के धूलसिंह धम्म, पब्लिक पोलिटिकल पार्टी के मुंशीलाल सिलावट, भारतीय जनता पार्टी के शिवराज सिंह चौहान, निर्दलीय अभ्यर्थी खेम राज, निर्दलीय अभ्यर्थी संजय सक्सेना, सपाक्स पार्टी के प्रशांत साहू तथा भारतीय जनता समाजसेवी पार्टी के दीपक कुमार तिवारी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है।

### पांचवें दिन नौ ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

सागर संसदीय क्षेत्र 5 में शुक्रवार को पांचवे और अंतिम दिन 9 नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के समक्ष जमा किए गए हैं। पांचवे एवं अंतिम दिन इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से चंद्रभूषण सिंह बुंदेला ने 3 नाम निर्देशन पत्र जमा किए, निर्दली प्रत्याशी के रूप में धर्मेंद्र भनपुरिया, भीकम सिंह, लक्ष्मीबाई, संग्राम सिंह , राजकुमार, मोहम्मद आरिफ मकरानी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। इसके पहले तेरह नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा चुके हैं। इस प्रकार कुल 22 नाम निर्देशन पत्र जमा हुए हैं। हैं। शनिवार को नाम निर्देशन पत्रों की स्कूटनी की जाएगी। सोमवार 22 अप्रैल को नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

### रायसेन में हुई चुनावी सभा में साधा निशाना

## कांग्रेसी मोदी का विरोध करते-करते श्रीराम का विरोध कर बैठेः शिवराज

**विदिशा/ रायसेन।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए शुक्रवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन रहा। भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा-रायसेन लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह के साथ रायसेन पहुंचे। यहां उन्होंने चुनावी सभा में कहा कि राहुल तो चले गए वायनाड, लेकिन हमने कहा लड़ेंगे तो यहीं से, जीएंगे तो यहीं पर, मरेंगे तो यहीं पर। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का विसर्जन तय है। क्योंकि कांग्रेस मोदी का विरोध करते-करते श्रीराम का विरोध कर बैठी। सभा के बाद शिवराज ने रथ में सवार होकर रोड शो किया। सभा और रोड शो के बाद पूर्व सीएम शिवराज पत्नी साधना के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे।



### पूर्व सीएम शिवराज के भाषण की खास बातें...

पूर्व सीएम ने भाषण के दौरान कहा की बेटियों का दर्द नहीं सह पाता था, इसलिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई। बहनों के दुखों को देखते हुए मैंने लाड़ली बहना योजना बनाई। उन्होंने कहा की जिस पार्टी के नेताओं में इतना सामर्थ्य ही नहीं कि चुनाव लड़ सके, वो देश का भला कर सकती है क्या? सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रहीं, बोलीं- तुम लड़ो मैं चली। राहुल को गेहूं की बाली नहीं पता। ये किसानों की बात करते हैं। राहुल गांधी तो सिंचाई समझते ही नहीं। उनको पता ही नहीं कि गेहूं की बाली कैसी होती है।

## वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने अफसरों ने रस्सा खींचकर दिखाया दम



**विदिशा।** सेऊ पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अधिकारियों ने रस्साकसी प्रतियोगिता में शामिल होकर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए दम लगाया। ग्राम पंचायत सेऊ जनपत नटेरन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरुकता गीत, मतदाता जागरुकता की मेंहदी, रंगोली, वाहन रैली और रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों से 100 प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में विदिशा जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारी और सेऊ के ग्रामवासी मौजूद रहे। पंचायत सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया की गांव में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। संगोष्ठी आयोजित कर मतदान के महत्व ग्रामीणों को समझाया गया।

### संविदा कर्मचारियों को नहीं बनाया जाएगा पीठासीन अधिकारी

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में विदिशा, गंजबासौदा, सिरोंज, कुरवाई और शमशाबाद विधानसभा क्षेत्रों में करीब 7500 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इसमें से करीब 300 संविदा कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है लेकिन संविदा कर्मचारियों की लोकसभा चुनाव में पीठासीन अधिकारी के पद पर ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। संविदा कर्मचारियों को मतदान अधिकारी क्रमांक-2 के लिए ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। गौरतलब है कि संविदा कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी में लगाने का विरोध किया गया था। निर्वाचन आयोग की अनुमति के बाद उन्हें मतदान अधिकारी बनाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर ने बताया कि आयोग की अनुमति के बाद संविदा कर्मचारियों को मतदान अधिकारी क्रमांक-2 पर रखा जाएगा।

## महिलाओं का विरोधः कहाः जब तक सड़क नहीं बनेगी, वोट नहीं डालेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने को लेकर जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है। वहीं दूसरी ओर विदिशा में विकास कार्य नहीं होने से नाराज रहवासियों ने लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार कर दिया है।

विदिशा नगर पालिका के वार्ड 18 में गली 6 में रहने वाली महिलाएं सड़क नहीं होने से नाराज है। वर्षों से सड़क की मांग कर रहे लोग कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधि से गुहार लगा चुके हैं। इसके बाद अब रहवासियों ने परेशान होकर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार करने का एलान की घोषणा कर दी। महिलाओं ने सड़क पर उतरकर हाथों में रोड नहीं तो वोट नहीं का पोस्टर लेकर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने बताया कि उनके गली में वर्षो से सड़क नहीं बनी है। बारिश के दिनों मे पानी भरा जाता है। नालियों में साफ सफाई नहीं होती। पार्षद से कई बार सड़क की मांग की पर उन्होंने कुछ नहीं किया। जिसके चलते अब परेशान होकर हमें यह कदम उठाना पड़ रहा है। जब तक रोड नहीं बनेगी, तब तक हम वोट नहीं डालेंगे।




**विदिशा।** रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर दिखाकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन।

### एक साल से ज्ञापन दे रहे नहीं मिलीं सुविधाएं, तो वोट क्यों डालें?

**विदिशा।** रामलीला चौराह स्थित गौशाला के पास प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों में रह रहे 84 परिवारों ने वोट न डालने का एलान किया है। यह परिवार मूलभूत सुविधाओं के लिए पिछले एक साल से ज्ञापन दे रहे हैं। पीएम आवास के घरों में प्रवेश कराने के दौरान इन परिवारों को 3 महीने में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। रहवासी अर्जुन नरवरिया, उषा जैन, ब्रह्मा विश्वकर्मा ने बताया की पीएम आवास में प्रवेश करने के बाद जिन सुविधाओं को देने की बात कही गई थी। वह सुविधाएं मांगने पिछले एक साल से ज्ञापन दे रहे हैं। अब तक कई बार कलेक्ट्रेट जाकर परेशानी बता चुके हैं पर कोई हल नहीं निकला। इस मामले में एडीएम अनिल डामोर ने कहा कि इसका परीक्षण कराया जाएगा। मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

### झंडा यात्रा में शामिल होकर दिलाई शपथ



**विदिशा।** शिक्षा विभाग की गौ सेवा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति द्वारा कांच मंदिर से खाटू श्याम तक निकाली जा रही झंडा यात्रा में शामिल होकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। शिक्षक झलकन सिंह रघुवंशी, बृजेश बबले, विजय श्रीवास्तव, कमल सिंह लल्लू सिंह, नारायण सिंह रघुवंशी ,महेश विनोद श्रीवास्तव, पवन सेन, भूपेंद्र रघुवंशी एवं अन्य समाजसेवी साथियों ने शामिल होकर शपथ में सहभागिता की। अंत में सभी का आभार अरविंद अवस्थी ने माना।

### बीच सड़क पर ओवरलोड ऑटो हुआ चारों खाने चित...




**विदिशा।** लोडिंग वाहनों में क्षमता से अधिक सामान भरकर परिवहन किया जा रहा है। ऐसे ही वाहन कई बार हादसे का कारण बन जाते हैं। ऐसे ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई होना चाहिए। शुक्रवार को नीमताल चौराहे पर ऐसा ही एक ओवरलोड लोडिंग ऑटो जिसमें लोहे का सामान भरा हुआ था वह बीच सड़क पर आगे से ऊंचा हो गया।

### बुजुर्ग ने एसपी से की बेटे को गिरफ्तार कर सजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज. विदिशा।

गंजबासौदा तहसील के एक बुजुर्ग किशनलाल धानक ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत की। जिसमें उन्होंने बताया कि वह आटा चक्की चलाकर गुजर बसर करते थे। चौथे नंबर के बेटे बलवीर ने उसे तोड़ दिया गया। एक साइकिल थी जिसे भी तोड़ दिया। उन्होंने बेटे द्वारा दी जा रही प्रताड़ना की एसपी से शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनके पांच बेटे हैं और यह चौथे नंबर का बेटा है। पत्नी भी मांसाहार का सेवन करती है। इसलिए वह हमारे साथ नहीं रहती। एसपी कार्यालय आकर उन्होंने अपने ही बेटे को गिरफ्तार करने और उसे सजा दिलाए जाने की मांग की है।

## कलेक्टर ने पांच अपराधी छह महीने के लिए जिलाबदर किए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले के पांच आदतन अपराधियों को जिलाबदर किए जाने के आदेश दिए हैं। इन आदतन अपराधियों द्वारा शांति व्यवस्था भंग की जा रही थी।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बदमाशों को छः महीने के लिए विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिले, रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर एवं राजगढ की राजस्व सीमाओं से बाहर किया गया है। ग्यारसपुर के अंबार गांव में रहने वाले 45 वर्षीय सरदार सिंह लोधी, बासौदा के रविदास कॉलोनी में रहने वाले 23 वर्षीय आकाश उर्फ टक्कू, गंजबासौदा के राजेन्द्र नगर में रहने वाले 21 वर्षीय राजा कुशवाह, हैदरगढ के दैयरपुर के रहने वाले 38 वर्षीय संग्राम लोधी, करारिया चौराह के ब्योची के रहने वाले इंदर सिंह अहिरवार को जिलाबदर किया गया है।

**छात्रवृत्ति योजनाः 30 तक करें आवेदनः** विदिशा। अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक एवं आवास सहायता (नवीन एवं नवीनीकरण) छात्रवृत्ति से वंचित विद्यार्थी 30 अप्रैल तक पुनः आवेदन कर सकते हैं। एमपीटीएएससी के मॉड्यूल के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक एवं आवास सहायता (नवीन एवं नवीनीकरण) छात्रवृत्ति के लिए वंचित विद्यार्थी एमपीटीएएससी पोर्टल के माध्यम से 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है।

## कामता एकादशी पर उदयगिरि परिक्रमा कर भक्तों को मतदान की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा हर महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी पर की जाने वाली उदयगिरि परिक्रमा शुक्रवार को सुबह 6:30 बजे बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई जो मां वेत्रवती के विभिन्न घाटों से होती हुई उदयगिरि की तलहटी में भगवान भैरव के मंदिर पर भजन कीर्तन किया । इस अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं द्वारा लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी वोट की आहुति देने का संकल्प लिया गया। लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का भी संकल्प लिया। मतदान हमारा मौलिक अधिकार है एवं कर्तव्य भी है इस मंत्र के साथ सभी श्रद्धालुओं ने शपथ ली। परिक्रमा में प्रमुख रूप से सरदार सिंह कुशवाह, मोनू कुशवाह, गजेंद्र प्रताप सिंह, रघुवर दयाल उपाध्याय, मूलचंद केवट देवी, राम साहू रामस्वरूप कुशवाह, सरदार सिंह, मंगल सिंह, महेंद्र सिंह राजपूत, नीरज कुशवाह, सुदर्शन महाराज, भुजबल विश्वकर्मा कल्याण सिंह हल्के पटेल दौलत राम किरार एवं खुमान सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



## मृत्यु होने के पहले संकल्प पत्र लिखकर देहदान कियाः जन्मदिन के दूसरे दिन हुई मृत्यु, अब तक 18 लोगों का हो चुका है देहदान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में देहदान एवं नेत्रदान के प्रति लोग जागरूक हो रहे हैं। शहर में बढ़ रही जागरूकता के चलते मेडिकल कॉलेज में एक और पार्थिव शरीर का देहदान हुआ है। अब तक 18 लोग देह दान कर चुके हैं।

समाजसेवी विकास पचौरी द्वारा मरणोपरांत नेत्रदान एवं देहदान के संकल्प पत्र भरवाए जाते हैं। ऐसा ही संकल्प हाजी बली तालाब के पास दुर्गा नगर में रहने वाले 81 वर्षीय जयंत पांचखेड़े ( भाऊ साहब ) ने 4 जुलाई 2020 को अपनी देहदान की वसीयत लिख दी थी, जिसमें लिखा था कि मेरी मृत्यु के बाद मृत शरीर को किसी भी मेडिकल कॉलेज में दान किया जाए। जयंत पांचखेड़े का निधन हो गया तो उनके परिवार के सदस्यों ने उनका संकल्प पूरा किया।

उनकी पत्नी शैलजा पांचखेड़े और बेटे आनंद पांचखेड़े सहित परिवार के सभी सदस्यों ने भाऊ साहब का पार्थिव शरीर अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज जाकर दान किया। जयंत पांचखेड़े पीएचई विभाग से रिटायर्ड होकर समाजसेवा के कार्य करते थे। सेवा भारती विदिशा एवं विकास पचौरी फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे समाज सेवा कार्यों में लगे रहते थे। जयंत पांचखेड़े ने दुर्गा नगर के हाजीबली तालाब के पास खुद के खर्चे से शिव मंदिर का निर्माण कराया था। दो दिन पहले 17 अप्रैल को उनका 81वां जन्मदिन था। परिवार के सदस्यों ने उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया था और दूसरे दिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उनका निधन हो गया।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2575
उच्चतम भाव-4001
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2955
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2180
उच्चतम भाव- 2270
चना
न्यूनतम भाव- 5000
उच्चतम भाव- 6026
मसूर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-6080
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-4800
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4750
उच्चतम भाव-5640
सरसों
न्यूनतम भाव-3825
उच्चतम भाव-5300
उड़द
न्यूनतम भाव-6450
उच्चतम भाव-7610
धान
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3170
मूंग
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-3170
बटरी
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-7350
तुअर
न्यूनतम भाव-8200
उच्चतम भाव-8200
अलसी
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-4781
कलौंजी
न्यूनतम भाव-15400
उच्चतम भाव-15400

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 22307 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

# शराब की दुकानों से आधी रात तक ऊंचे दामों में बिक रही शराब, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हाल ही में शासन द्वारा शराब नीति के तहत विगत माह जिले में नये ठेकेदार को शराब का ठेका दिया गया है। ठेका मिलते ही शराब ठेकेदार द्वारा शराब नीति और आबकारी विभाग के नियमों को तांक पर रखते हुए अपने स्वयं के नियम लागू कर मनमाने तरीके से शराब का विक्रय किया जा रहा है। लोगों को प्रिंट रेट से अधिक कीमतों में शराब की बिक्री की जा रही है। वहीं शासन की गाइडलाइन अनुसार मनमाने ढंग से दुकानों का संचालन समय सीमा के विपरीत किया जा रहा है। जिसके चलते आबकारी विभाग के नियम ठेकेदार के आगे छोटे साबित हो रहे हैं। शराब ठेकेदार द्वारा नियम कानूनों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से देर रात तक ऊंचे दामों में शराब बेची जा रही है। जिससे शराब प्रेमियों में आक्रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब ठेकेदार द्वारा शासन के निर्धारित मदिरा विक्रय के अधिकतम दरों से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय, मदिरा दुकानों का निर्धारित समय से पूर्व खुला होना, निर्धारित समय के पश्चात मदिरा दुकानों को खोला जा रहा है। इतना ही नहीं रात्रि 12 बजकर 20 मिनिट पर ऊंचे दामों पर शराब बेची जा रही है। शराब दुकान के शटर बंद करने के बाद कर्मचारियों द्वारा रात्रि 2 बजे तक शराब का विक्रय किया जा रहा है। वहीं नगर की कम्पोजिट शराब दुकान से 18 वर्ष से कम उम्र के



नाबालिग बच्चों को भी शराब बेची जा रही है। शराब का सेवन करने वाले लोगों ने बताया कि जब से नये ठेकेदार द्वारा शराब दुकानों का संचालन किया जा रहा है तब से उन्हें महंगे दामों पर शराब बेची जा रही है। दुकान से शराब ले रहे लोगों ने जब इस बारे में दुकानदार से बात की तो उनका कहना था कि शराब महंगी हो गई है इसलिये अधिक दामों पर चेची जा रही है। साथ ही बिल भी नहीं दिया जा रहा है। जब लोग शराब दुकानदार से बिल मांगते हैं तो उन्हें बिल नहीं दिया जाता है। जिससे शासन के आदेश का खुलेआम उल्लंघन करना साबित हो रहा है। नगर सहित त्योंदा के शराब प्रेमियों ने बताया कि पहले बीपी, ओसी, रिट्ज की बॉटल 450 रुपए में आती थी। वह अब 650 रुपए में बेची जा रहा है। मेकडबल्स 600 के स्थान पर 900 रुपए एवं ब्लांडर 800 के स्थान पर 1300 रुपए में बेची जा रही है। वहीं देशी लाल की शराब 90 रूपये में मिलता था अब 120 रुपये में व सफेद का पाव 70 रूपये का था लेकिन अब 120 रूपये में दिया जा रहा है। जिससे शराब का शौक रखने वाले लोगों में शराब कंपनी के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है।

**इनका कहना है...**

*लोक सभा चुनाव एवं आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए टीम द्वारा लगातार जांच की जा रही है। अगर कोई दुकान 11.30 बजे के बाद खुली पाई जाती है अथवा शराब विक्रय करते पाए जाने पर पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।*

***जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही विदिशा***

## अमले द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया सामान

# नपा, राजस्व और यातायात पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के मुख्य मार्गो की सड़कों पर व्यापारियों द्वारा सामान बाहर रखे जाने के कारण नगर में प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे थे। वाहन चालकों द्वारा सड़क पर ही वाहन पार्किंग किए जाने के चलते सड़क भी सकरी हो रही थी। जिससे नागरिकों का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। लगातार शिकायतें मिलने के बाद प्रशासन द्वारा मुनादी कराकर सामान हटाने की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बाद भी जब दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर से सामान नहीं हटाया तब शुक्रवार को नगर पालिका, राजस्व विभाग और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए सड़क पर रखे सामान को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई जयस्तम चौक से कलाबाग तक की गई। सुबह के समय अमले द्वारा की जा रही कार्रवाई को देख दुकानदारों ने सामान समेटना शुरू कर दिया था। कार्रवाई सुबह से लेकर दोपहर तक जारी रही। जिससे बरेठ रोड पर सड़क चौड़ी नजर आने लगी जबकि इस मुख्य मार्ग पर सुबह से लेकर देर रात तक जाम के हालात निर्मित हो रहे थे। नगर पालिका के





राजस्व प्रभारी वरुणेन्द्र चौबे ने बताया कि लगातार मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मुनादी की जा रही थी। लेकिन इसके बाद भी दुकानदारों द्वारा जब सामान नहीं हटाया गया तब एसडीएम विजय राय के निर्देश पर यह संयुक्त कार्रवाई शुरू की गई है। साथ ही जुर्माना भी किया जा रहा है। दुकानों के बाहर रख लोहे के सरिए, रेत ,गिट्टी भी जब्त की गई है। उक्त कार्रवाई शनिवार को भी जारी रहेगी। स्मार्ट सिटी योजना के तहत बरेठ रोड, कालाबाग, जय स्तंभ से त्योंदा रोड की सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। लेकिन यहां व्यवसाय करने वाले दुकानदारों द्वारा सड़क पर ही 10 से 15 फीट आगे अपना सामान रख दिया जाता है सड़क चौड़ी होने के बाद भी दिन के समय सकरी नजर आती है। जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है। जय स्तंभ से पाराशरी पुल तक जो सड़क रात के समय 80 फीट चौड़ी दिखती है वह सड़क दिन में सिकुड़ कर मात्र 20 फिट की नजर आती है। फुटपाथ पर भी हाथ ठेला वालों ने कब्जा कर सब्जी की दुकानें लगा ली जाती हैं। इन दिनों शादी विवाह का सीजन चल रहा है। जिससे बाजार में लगातार भीड़ बढ़ने के साथ ही वाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। जिससे प्रतिदिन जाम के हालात बन रहे हैं। प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से कुछ हद तक बरेड रोड की सड़क पर यातायात में सुधार नजर आ रहा है।



**इनका कहना है...**

*यह कार्रवाई अब लगातार जारी रहेगी, जिससे यातायात में सुधार हो सके अधिग्रहण कार्यों को नोटिस भी दिए गए हैं और उन्हें तत्काल दुकानों के आगे से सामान हटाने के लिए भी कहा गया है।*

***जयंत वर्मा नगरपालिका सीएमओ गंजबासौदा***

## स्कूली विद्यार्थियों ने की अपील




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय माध्यमिक शाला मड़िया सेमरा के स्कूली बच्चों ने स्वीप गतिविधियों के तहत मतदान के लिए अपनी हथेली पर मेंहदी लगा कर वोट डालने के नारे लिख कर पालकों को जागरूक करने का प्रयास किया। छात्रा वेदिका, लक्ष्मी, रुकमणि, दिशा, सुहानी, भूमि सहित अनेक बच्चों ने अपनी हथेली में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए स्वयं ने अपने हाथ पर अध्यापक रत्ना पांडेय के मार्गदर्शन में नारे लिखे। इस मौके पर प्रभारी जितेन्द्र यादव, परसराम दुबे, रश्मि सकवार उपस्थित थे।

## नौनिहालों ने, रंगोली के रंगों से सजाया मतदान का अधिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में चुनाव आयोग के निर्देशन में संचालित स्वीप अभियान अन्तर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना बालक-बालिका इकाई के तत्वावधान में छात्र छात्राओं ने रंगोली के विविध रंगों से मतदान के विविध विचारों को साकार किया। संस्था के छात्र-छात्राओं के ग्रुपों द्वारा आवश्यक मतदान, मतदान का महत्व, लोकतंत्र की ताकत मतदान, चुनाव आधुनिक का नजारा जैसे विषयों को रंगोली के रंगों से जमीन पर उतारा। वहीं आकर्षक नारों को लिखकर शिक्षकों और अभिभावकों को प्रेरित किया। इसके पूर्व संस्था के सैकड़ों छात्रों ने भावनात्मक पत्र लिखकर अपने माता-पिता, दादा-दादी, चाचा-चाची, नाना-नानी सहित पडोसियों को मतदान के अधिकार का बेहतर उपयोग कर अच्छी लोक कल्याणकारी सरकार बनाने का आग्रह किया गया। प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने बच्चों से लोकतंत्र जागरुकता प्रहरी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के युवा कल के मतदाता हैं, अभी से सफल लोकतंत्र रक्षक की तालीम दी जानी चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चौहान एवं रजनी गुप्ता ने छात्र, छात्राओं को प्रेरित किया एवं बताया कि एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा गतिविधियों के माध्यम से छात्रों व समाज में प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र, छात्राएं मौजूद थीं।

## खबर संक्षेप

### महायज्ञ की पूर्णाहुति का विशाल भंडारा आज

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद शनिवार को कथा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है जो सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। भंडारे में 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को प्रसादी ग्रहण करने का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए दो दिन से भंडार सामग्री तैयार कराई जा रही है ताकि अधिक से अधिक लोगों को प्रसादी मिल सके।

### घायल अवस्था में मिला ग्रामीण युवक



**त्योंदा।** त्योंदा के बघर्रु डेम के पास ग्राम रसूलपुर निवासी सोनू घोसी घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला। जिसे लोगों द्वारा उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्स ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया।

## घायल गाय का कराया उपचार



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को मिर्जापुर क्षेत्र से सूचना मिलने पर गौ रक्षा मंच के जिला अध्यक्ष विशाल वैष्णव ने डॉ. उमाकांत उपाध्याय को बुलाकर दुर्घटना में घायल गौ माता का उपचार कराया गया। गौ माता के अगले पैर में किसी अज्ञात वाहन टक्कर मार कर घायल कर दिया था। जिसके कारण गौ माता के अगले पैर में खून एवं मवाद निकल रही थी। डॉक्टर उमाकांत ने अगले पैर को सफाई कर कर दवाई लगाकर पट्टी बांधी गई एवं घाव सूखने वाला इंजेक्शन लगाया गया। इस दौरान गौ रक्षा मंच अखिल भार्गव, अमन वंशकार, अनुज भावसार, जितेंद्र कुशवाह, आनंद वंशकार, भगवान सिंह कुशवाहा, शिवम शर्मा, अभिषेक जड़िया, ऋतिक भावसार, कमलेश कुशवाहा सहित गौ रक्षा मंच के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## यातायात पुलिस ने कार्रवाई कर किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा तिरंगा चौक पर नगर में चलने वाली यात्री बसों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एक बस MP04 P 0150 को बिना वैध परमिट के बासौदा बस स्टैंड से यात्रियों को भरकर सिरोंज की ओर जाते हुए रोका गया। इस दौरान सभी दस्तावेजों की चेकिंग के पश्चात समस्त यात्रियों को अन्य बस के माध्यम से रवाना कर बिना वैध परमिट वाली बस पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर 10000 का जुर्माना किया गया। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा दी गई।

## नौलखी धाम स्थित राम रसोई का हुआ समापन

# विहिप की राम रसोई में सवा लाख लोगों ने किया भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

10 अप्रैल से वेत्रवती तट पर स्थित नौलखी मंदिर में चल रहे जगदीश स्वामी एवं राम-जानकी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, श्रीराम अतियज्ञ एवं राम कथा के कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए निः शुल्क भोजन सेवा राम रसोई शुरू की थी राम रसोई की संचालन व्यवस्था देख रहे विहिप प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने बताया कि रोज प्रातः एवं शायं दोनों समय श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया जा रहा था बाद में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए राम रसोई को अनवरत कर दिया था। राम रसोई सुबह 11 बजे से आरंभ होकर रात्रि के 11 बजे तक चलाई जाती थी। जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु एवं व्यवस्था में लगे विभिन्न विभागों के कर्मचारी भोजन करते थे। 9 दिनों तक चली राम रसोई में सवा लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस राम रसोई का शुभारंभ महंत राम मनोहरदास महाराज ने उप यज्ञाचार्य पं. केशव प्रसाद शास्त्री की उपस्थिति में किया था। साथ ही समय समय वे स्वयं भी राम रसोई पहुंचकर विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते रहे और उनके कार्य की सराहना की। उक्त आयोजन में दूर दूर ग्रामांचलों से ग्रामवासी कथा श्रवण करने एवं दर्शन करने आते रहे विहिप बजरंग दल ने सबको भोजन कराके बहुत पुण्य का काम किया है। पूर्व में भी विहिप द्वारा यहां भोजन सेवा दी गयी थी नगर में कोई भी धार्मिक आयोजन हो विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता हमेशा सेवा कार्य करने हेतु तत्पर रहते हैं। समापन पर अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# महायज्ञ की परिक्रमा करने देर रात तक पहुंचे श्रद्धालु


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर चल रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हुए श्री सीताराम अति महायज्ञ का शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। 10 दिवसीय से इस महायज्ञ में प्रारंभ से लेकर यज्ञ की पूर्णाहुति तक 11 लाख वेद मंत्रों की आहुतियां यज्ञ नारायण भगवान को समर्पित की गईं। महंत राम मनोहर दास महाराज, बनारस से आए प्रतिष्ठाचार्य पं. मथुरा प्रसाद, उप प्रतिष्ठाचार्य पं. केशव शास्त्री, महायज्ञ के मुख्य यजमान उद्योगपति राकेश मरखेड़कर सहित अन्य संत भी पूर्णाहुति में सम्मिलित हुए। यज्ञ की परिक्रमा के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महायज्ञ की पूर्णाहुति पर शनिवार को कथा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है जो प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चलता रहेगा। भंडारे के कारण शनिवार को कृषि उपज मंडी में नीलामी का अवकाश घोषित किया गया है। ज्ञात हो कि क्षेत्र के तपस्वी संत साकेतवासी बाबा जगन्नाथ दास महाराज की तपोस्थली नौलखी आश्रम के करीब 90 साल बाद आश्रम के महंत राम मनोहर दास महाराज के मार्गदर्शन और सानिध्य में पुनर्निर्माण के मौके पर महाप्रभु जगन्नाथ भगवान, सीताराम दरबार सहित अन्य देव प्रतिमाओं की विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 33 कुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ के साथ जगन्नाथपुरी, बनारस, अयोध्या, वृंदावन से आए विद्वान ब्राह्मणों के साथ-साथ स्थानीय ब्राह्मणों ने भी के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला के दौरान ऐसे अवसर जुड़ गए जो वर्षों तक याद किए जाएंगे। आश्रम में पहले से ही मौजूद बरसों पुराने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के विग्रहों को बदलकर जगन्नाथपुरी की वैदिक परंपरानुसार नवीन विग्रहों के अलावा भगवान सीताराम दरबार के साथ अन्य देव प्रतिमाओं,



सुदर्शन चक्र की स्थापना की गई। क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा, धन-धान्य की संपन्नता के लिए यज्ञशाला के पास अलग-अलग विद्वान ब्राह्मणों द्वारा चार वेद और 18 पुराणों का एक साथ वचन किया गया। भंडार गृह में 24 घंटे अखंड अन्नपूर्णा स्तोत्र का पाठ, गणेश जप, नारायण जप, विष्णु सहस्त्रनाम का जप, राम मंत्र का जाप एक साथ वाचन यज्ञ के दौरान संपन्न हुआ है। नगर में पहली बार वाल्मीकि रामायण की कथा अयोध्या से पधारे वक्त रामानुजाचार्य जगतगुरु स्वामी रत्नेश महाराज द्वारा की गई। कथा को सुनने के लिए प्रतिदिन आयोजन स्थल पर हजारों की संख्या धर्मालुओं की उमड़ती रही। यज्ञ के दौरान भोजन निर्माण सहित वितरण व्यवस्था में अनुशासन के साथ-साथ सात्विकता देखने मिली। चित्रकूट से आए 12 संतों ने यज्ञ में बैठे यजमान, ब्राह्मण और संतों के लिए भोजन प्रसादी तैयार की।

**खबर संक्षेप**



### सेवानिवृत रेलवे जज प्रकाश चंद जैन का निधन

**सिरोंज।** सिरोंज के वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजसेवी प्रकाश चन्द्र जैन का इंदौर में निधन हो गया। श्री जैन वरिष्ठ विधिवेत्ता, न्यायविद और सेवा निवृत रेल्वे जज के पद रहकर सफलता पूर्ण अपने कार्यो को करते रहते थें जिससे उन्होने सिरोंज को गौरवित किया था। हमारे सिरोंज की सामाजिक गतिविधिओ में आगे बढकर हिस्सा लेकर अपनी भागीदारी निभाते रहते थें। आज उनके द्वारा किए गए कार्यो का स्मर्ण किया जाता है। उनके एक पुत्र दीपक जैन दिल्ली एंव दूसरे पुत्र अतुल जैन भोपाल में रहकर अपना व्यवसाय कर रहें है। इस अवसर पर सिरोंज दिगम्बर जैन समाज ने शोक श्रद्धाजंलि सभा आयोजित की। इसके अलावा सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी,ड्रग ऐसोशियन के अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने भी उन्हें श्रद्धाजंजि अर्पित की।

### करुणा चौरसिया को रसायन शास्त्र में शोध उपाधि

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के रसायन शास्त्र विभाग की शोध छात्रा करुणा चौरसिया पिता मुकेश कुमार चौरसिया माता अनीता चौरसिया को शोध उपाधि प्राप्त हुई। उनका शोध कार्य "सिंथेसिस फिजिको केमिकल कैरेक्टराइजेशन एंड बायोलॉजिकल स्टडीज ऑफ सम न्यू थायोसेमीकरबाजाइड डेराईबड लिगैंडस एंड देयर थ्री डी ट्रांजीशन मेटल- कॉम्प्लेक्स" विषय पर किया।

### मतदाता जागरूकता अभियान जारी

**सागर।** नपा परिषद मकरोनिया द्वारा शासन निर्देशानुसार स्वीप प्रोग्राम अंतर्गत आज मकरोनिया बटालियन के पीटीएस ग्राउंड पर भारत का मानचित्र बनाकर कैंडल जलाकर मोबाइल की फ्लैशलाइट ऑन कर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया।

## नगर के मुख्य बाजार में आने वाले भारी वाहनों पर अब लगेगा प्रतिबंध

# बेरिकेटिंग करने में स्थानीय प्रशासन को मिली सफलता, नागरिकों को मिलेगी जाम से निजात

### सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन रहेगा बंद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के मुख्य बाजार की प्रतिदिन बिगडती जा रही यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने मुख्य बाजार के तीन स्थानो कोट गेट,बड चौराहा,ढाल बाजार पर बेरिकेटिंग करने का फैसला लिया था। जिससे की मुख्य बाजार में बडें चार पाहिया वाहनो पर प्रतिबंध लगे और मुख्य बाजार में आम नागरिको को जाम की समस्या का सामना न करना पडें।

विगत कुछ दिनो पूर्व नपा द्वारा बेरिकेटिंग लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। जो कि अब पूरा हो चुका है। तीनो चौराहो पर बेरिकेटिंग होने से लोडिंग ऑटो,मिनी स्कूल वेन सहित अनेक चार पाहिया वाहनो का मुख्य बाजार में आना बंद रहेगा। जिससे मुख्य बाजार में अब पैदल चलने वाले व दो पाहिया वाहनो चालको को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। वही अब प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजें तक मुख्य बाजार में चार पाहिया भारी व बडें वाहनो के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि नगर के मुख्य बाजार में ओवर लोड बडें बडें ऑटो व अन्य चार पाहिया वाहन के आने से मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था बिगड जाती थी। साथ ही आए दिन जाम के चलते नागरिको में विवाद की स्थिति बनती थी और व्यापारियो को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। प्रतिदिन भारी वाहनो के मुख्य बाजार में प्रवेश करने से दुर्घटनाए भी अक्सर होती रहती है।

### पैदल चलने वाले नागरिको को मिलेगी जाम से निजात

मुख्य बाजार के तीनो चौराहो पर बेरिकेट होने के बाद अब मुख्य बाजार में आने वाले भारी वाहन लोडिंग ऑटो,मिनी स्कूल बस,निजी चार पाहिया वाहन सुबह 10 बजें से पहले और रात्रि 8 बजें के बाद ही मुख्य बाजार में प्रवेश कर पाएगें। दिन के समय चार पाहिया वाहनो के मुख्य बाजार में आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। दिन के समय सिर्फ दो पाहिया वाहनो का आवागमन ही किया जा सकेगा। मुख्य बाजार में बेरिकेटिंग होने से प्रतिदिन लगने वाले जाम से नागरिको को निजात मिलेगी और पैदल चलने वाले राहगीरो को मुख्य बाजार में खरीदारी करने के लिए घण्टों जाम की समस्या का सामना नही करना पड़ता और घण्टो में होने वाले काम भी मिनटो में होगें।

### बेरिकेट लगाने में प्रशासन को इस बार मिली सफलता

*नगर के मुख्य बाजार में भारी वाहनो के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने एंव प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा मुख्य बाजार में विगत माह पूर्व भी बेरिकेट लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया था। लेकिन कुछ कारणो के चलते उस समय उक्त कार्य को रूकवा दिया गया था। वही एसडीएम हर्षल चाधरी ने उक्त बेरिकेटिंग का कार्य पुनः प्रारंभ कराया और इस बार बेरिकेंटिग कार्य में स्थानीय प्रशासन को सफलता भी हासिल हुई।*

### जरूरी काम निपटाने जाते समय फंस जाते थे ट्रैफिक जाम में

*अगर किसी व्यक्ति को कोई जरूरी काम है और वह व्यक्ति उस काम को निपटाने के लिए मुख्य बाजार से जाता हैं तो सड़क पर लगें ट्रैफिक जाम में फंस जाता था। जिसके चलते उक्त व्यक्ति का वह काम तो नही हो पाता था बल्कि वह व्यक्ति को बिना अपने काम को निपटाए ही वापस लौटना पड़ता था। लेकिन अब प्रशासन द्वारा मुख्य बाजार में बेरिकेट करने के बाद चार पाहिया वाहनो का आवागमन बंद रहेगा और आम नागरिको को ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी।*

## ईवीएम मशीन संचालन के संबंध में मास्टर ट्रेनरों को दी गई ट्रेनिंग



**सिरोंज।** नगर के लटेरी रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर ईवीएम मशीन संचालन के सम्बन्ध में मास्टर ट्रेनरों को ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षकों ने मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम मशीन को सेट करने व उसमें आने वाले कठिनाइयों को दूर कर सुसंगत व सुव्यवस्थित ढंग से मतदान कराने का तौर-तरीका बताया।



## आदर्श प्रेम मंदिर में हुई मूर्ति स्थापना, राधे-राधे मंडल के भजनों का हुआ आयोजन

**सागर।** भोपाल रोड स्थित आदर्श रेसीडेंसी कॉलोनी में नव निर्मित आदर्श प्रेम मंदिर में भगवान राधा कृष्ण शिव दरबार, श्री राम दरबार, श्री गणेश जी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। जिसमे प्रधान आचार्य पंडित जयराम प्रसाद तिवारी, पंडित अभिषेक शर्मा, अमित शर्मा, पंडित राजेंद्र भारद्वाज, पंडित मनोज तिवारी के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान मनोज जैन, दीप्ति जैन, आनंद जैन, राजश्री जैन, दिव्य, भव्य जैन, सुनील निधि जैन, परिवार प्रमुख जवाहरलाल जैन, उर्मिला जैन, सरोज रानी जैन, विनय, संध्या डेंगरे, संजय डेंगरे, राजेश मनवानी, संजीव कठल, अनिमेष रिचा शाह, मनीष रुचि गुप्ता, सुनील सारिका डेंगरे, नीरज जैन सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित थे। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया, रंगबिरंगी विद्युत साजसज्जा की गई। सभी देवी देवताओ की अद्भुत प्रतिमा के दर्शनों के लिए सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में राधे राधे मंडल द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति जो देर रात्रि तक चलती रही जिसमे राधिका गोरी से, मेरे छोटो सो मदन गोपाल जैसे सुमधुर भजनो से रंगीन होती शाम में सभी श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। अंत में भक्तों ने भगवान के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।

## मतदाता परिचय-पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

## पक्षकारों की सुविधा के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय में ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ

**सागर।** मप्र उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम.के.शर्मा द्वारा पक्षकारों की सुविधा हेतु जिला एवं सत्र न्यायालय सागर में ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग द्वारा पक्षकारों को प्रकरणों के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करने हेतु ई-सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। ई-सेवा केन्द्रों द्वारा पक्षकारों को प्रकरण की स्थिति, सुनवाई की अगली तारीख, जेल में बंद रिश्तेदारों से ई-मुलाकात की सुविधा, न्यायालय परिसर में संबंधित न्यायालय का स्थान, वाद सूची, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न जनहितार्थ योजनाओं की जानकारी, पक्षकारों के प्रकरण की सुनवाई वीडियो-कॉन्फेंसिग के माध्यम से किये जाने संबंधी प्रक्रिया, न्यायिक आदेशों तथा निर्णयों की सॉफ्ट कॉपी प्राप्त की जा सकेगी।

## मप्र राज्य वाटर स्पोर्टस रोइंग अकादमी हेतु चयन ट्रायल खेल परिसर में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर




खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित राज्य वाटर स्पोर्टस रोइंग अकादमी के लिये प्रतिभा चयन कार्यक्रम के प्रथम चरण का आयोजन आज खेल और युवा कल्याण विभाग खेल परिसर में प्रातः 9 बजे से किया गया। जिले के 112 खिलाड़ियो ने वाटर स्पोर्टस की रोइंग खेल विधा की चयन प्रकिया में भाग लिया है। चयन प्रक्रिया के लिए शासन वाटर स्पोर्टस अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक दलबीर सिंह एवं उनके साथ आये विशेषज्ञ द्वारा खिलाड़ीयों के प्रथम चरण में शारीरिक मापदण्ड एवं फिजिकल टेलेन्ट के आधार पर अगले चरण हेतु 15 बालिका एवं 06 बालक कुल 21 खिलाड़ियो का चयन भोपाल मे होने वाले द्वितिय चरण के लिये किया गया।

खिलाडियो को 29 अप्रैल को प्रातः 6 बजे खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित वाट्र स्पोर्ट सेन्टर बड़ा तलाब भोपाल में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर वीनू राणा अध्यक्ष जिला केनोइंग क्याकिंग संघ सागर, प्रदीप अबिद्रा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, प्रेमनीति राय, मंगल सिंह यादव, संगीता सिंह भदौरिया, सीमा चकवर्ती, श्यामपाल, उमेशचंद मौर्य, अंजली सिंह ठाकुर, बसीम राजा खॉन (समन्वयक) नफीस खॉन, रामबाबू विश्वकर्मा, मिथलेश यादव, विवेक सेन, बद्री सेन उपस्थित रहें। प्रथम चरण में चयनित खिलाड़ियों की सूची

बालिका वर्ग - कु. प्रगति शर्मा, कु. हर्षिता सोनी, गुनगुन विश्वकर्मा, नौसवा खॉन, सलोनी शर्मा, भक्ति तिवारी, प्रियांशी पटैल, पूजा सेन, प्रीति, अर्पणा सेन, जिज्ञासा पटैल, इल्मा खॉन, निकिता पटैल, जानवी मरावी, पूजा पटैल

बालक वर्ग - मृदुल दुबे, राम यादव, दीपेश प्रसाद, तनिश पटैल, ओम, श्याम यादव हैं।

## किियोस्क सेंटर संचालकों की मनमानी, आईडी ग्रामीण क्षेत्र की, संचालन नगर में कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की जनता को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिल सके जिसके लिए बैंकों की छोटी-छोटी शाखों के रूप में क्यिोस्क सेंटरों का संचालन किया जा रहा है। जिसके लिए नियमानुसार बैंकों से अनुबंधित यह क्यिोस्क सेंटर संचालक जो कि ग्रामीण क्षेत्र के नाम से लेते हैं। और नगर में संचालित कर रहे हैं। यह सुविधा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राहकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन के द्वारा कियोस्क सेंटर संचालित किए जा रहे है लेकिन कियोस्क सेंटर संचालकों की मनमानी एवं बैंक अधिकारियों की अनदेखी के कारण शासन की मंशा पूरी नही हो पा रही है।

### आने-जाने की परेशानियां

ग्रामीणों को बैंक से संबंधित कार्यो के लिए नगर में कियोस्क सेंटरों पर भटकना पड़ रहा है।कियोस्क संचालक अपना स्थान छोड़ दूसरी जगह जहां बैंकों के आसपास बैठकर सेवाएं दे रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों को मुख्यालय पर ही आना पड़ता है। गांव से नगर आने-जाने के लिए साधनों का अभाव रहता है। जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।वर्तमान में शासन की प्रमुख योजनाएं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं का पैसा निकलवाने मजबूरी में नगर के कियोस्क सेंटर आना पड़ता है। जहां महिला -पुरूषों , वृद्धों की भीड़ लगी रहती है।

## शत प्रतिशत मतदान में बीएलओ की महती भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन



कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैध ने शुक्रवार को नटेरन एवं विदिशा नगरपालिका क्षेत्र के बीएलओ से संवाद कर शत प्रतिशत मतदान के गुण सूत्रों पर गहन प्रकाश डाला है। कलेक्टर श्री वैद्य ने अपनी पूर्व पदस्थापना जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए किए गए प्रबंधो पर गहन प्रकाश डालते हुए सभी बीएलओ अभिप्रेरित किया है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने नटेरन जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित संवादीय इस बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी निर्वाचन कार्य में बीएलओ की महती भूमिका होती है। बीएलओ के द्वारा हरेक मतदाता तक मतदान का संदेश पहुंचे इसके लिए स्थानीय स्तर पर नवाचार किए जाएं। उन्होंने छोटे-छोटे सेक्टरों में मतदाताओं को विभक्त कर जन जागरूकता के संदेश के लिए ग्राम स्तरीय अमले को जबावदेंही सौंपने पर बल दिया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने ऐसे मतदान केन्द्र जहां औसत से कम मतदान हुआ है उन केन्द्रों पर स्वीप के तहत विशेष अभियान संचालित किए जाएं जिसमें आवश्यकता हो तो रात्रि चैपालों का आयोजन भी किया जाए। उन्होंने बीएलओ से संवादीय आयोजन के प्रयोजन को रेखांकित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत मतदान के मामलों में फीडबैक प्राप्त करना, और ऐसे मतदान केन्द्र जहां पूर्व के चुनाव में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है उन मतदान केन्द्रों में 100 प्रतिशत मतदान लोकसभा चुनाव के दौरान हो। कलेक्टर श्री वैद्य ने मतदान केन्द्र वार बीएलओ से पृथक-पृथक संवाद कर उन्हें अभिप्रेरित किया है। जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट ने सभी बीएलओ से अपेक्षाएं व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत कम क्यों हुआ, क्या कमियां रह गई थीं उन सबको लोकसभा निर्वाचन के मतदान में दुरूस्त करते हुए शत-प्रतिशत मतदान की ओर अग्रसर हों।

## मतदान जागरूकता के लिए बनाई रंगोली

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन पर एवं जिला पंचायत सीईओ एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. संजीव दुबे प्राचार्य की अध्यक्षता में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में चुनाव का पर्व देश का गर्व विषय पर रंगोली बनाई गई। मुख्य अतिथि पीसी शर्मा ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा निर्वाचन की तरह 75 प्रतिशत से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को मतदान की प्रेरणा के लिए स्वीप के अंतर्गत यह कार्यक्रम चलाये जा रहे है।डॉ. अमर कुमार जैन सहायक नोडल अधिकारी ने कहा कि महाविद्यालय के युवा मतदाता परिसर दूत बनकर मतदाता जागरूकता के कार्य कर रहें हैं। चुनाव का पर्व देश का गर्व विषय पर रंगोली कला भवन संचालिका, स्वाति हलवे ने अपने संस्था के विद्यार्थियों काजल दिवाकर, संस्कृति जैन एवं आयुषि जैन तथा प्रवीण पाण्डेय के सहयोग से बनाई गई।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की मौत

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले के खुरई देहात थाना अंतर्गत ग्राम सिलोधा के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीनो युवक एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरिओम पिता सुरेंद्र तोमर 22 वर्ष, चंद्र कुमार पिता सुरेश कुमार जैन 21 वर्ष निवासी गड़ौला जागीर तथा पवन पिता चैन सिंह घोषी उम्र 25 वर्ष निवासी पाली बाइक क्रमांक एमपी 15 एनएफ 6021 से एक विवाह समारोह में शामिल होने गुरुवार की रात खुरई गए थे। वहां से तीनों युवक देर रात वापस अपने गांव गडौला जागीर वापस लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम सिलौधा के पास अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी। हादसे में चंद्र कुमार जैन और पवन घोषी की मौके ही मौत हो गई। तीसरा युवक हरिओम तोमर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए रात्रि में उसे खुरई के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया।

## प्रशासन के प्रतिबंध और संतों की अपील के बावजूद भी किसान नरवाई में लगा रहे आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



फसल कटाई के दौरान किसानों के द्वारा खेत साफ करने के नाम पर क्षेत्र में बड़ी मात्रा में नरवाई में आग लगाई जाती है।

नरवाई में आग लगाना शासन की द्वारा पूर्णत प्रतिबंध है, वहीं इससे होने वाले नुकसान और भूमि पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को लेकरसमय-समय पर कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को इसकी समझाइश दी जा रही है। बता दें कि नियमानुसार शासन चाहे तो किसानों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी कर सकता है। वहीं नरवाई में आग नहीं लगाने को गौशालाओं के बड़े संतों के द्वारा क्षेत्र के किसानों से खेत में पहुंचकर आग नहीं लगाए जाने को लेकर अपील की जा चुकी है। संतों ने कहा था कि फसल आप निकाल लीजिए और डंठल हमें दे दीजिए जिससे कि हम पशुओं के लिए मशीनों से भूसा तैयार करवा सकते हैं। बावजूद क्षेत्र के किसानों के द्वारा शासन प्रशासन सहित संतो के निवेदन को स्वीकार नहीं किया जा रहा और खेत सफाई के नाम पर बड़ी मात्रा में नरवाई में आग लगाई जा रही है।

### उर्वरा शक्ति में कमी


मिट्टी के कीट मित्र जलकर मर रहे हैं साथ ही भूमि बंजर हो रही है। बड़ी मात्रा में वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इस दौरान कई बार ऐसी बड़ी घटनाएं हो जाती है जिससे काफी बड़ा नुकसान हो जाता है।बता दें कि पूर्व में नरवाई में आग लगाने की घटनाएं नहीं होती थी किंतु जब से किसानों के द्वारा मूंग की खेती की जा रही है। जब से ही बड़ी संख्या में किसान जल्द से जल्द गेहूं कटाई के तुरंत बाद मूंग की बौवनी करने के लिए खेत को साफ करने की जल्दबाजी में नरवाई में आग लग रहे हैं।

## सिनवाह ग्राम में खेत के पास मिली लाश

### सिर में चोट, पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज किया

हत्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की बात कह रही पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



बीती रात थाना क्षेत्र के ग्राम सिनवाह में एक खेत के पास पगदंडी रास्तापर खून से लथपथ एक युवक की लाश देखे जाने पर पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पहचान विजय धानक उम्र &5 वर्ष निवासी ग्राम रिमसिली के रूप में हुई। पुलिस ने जिस स्थिति में लाश और स्थिति को देखा हत्या किए जाने पर अज्ञात लोगो के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर जांच कार्यवाही की जा रही है। गुरूवार - शुक्रवार की रात में थाना क्षेत्र के ग्राम सिलवाह एवं सिनवाह के बीच पगदण्डी रास्ते पर लाश देखी गई। पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर लाश का बरेली सिविल अस्पताल में पीएम कराए जाने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार रात में मारपीट की घटना होने की संभावना हैं। जिसमें मृतक विजय धानक के सिर में गंभीर चोट आने अत्याधिक रक्त बह जाने से हत्या की संभावना हैं, हत्या का क्या कारण हो सकता है जांच का विषय बना हुआ।

### हत्या का प्रकरण दर्ज

मृतक विजय धानक की जहां लाश मिली वहां भारी मात्रा में खून विखरा हुआ था। पुलिस द्वारा धारा 302 का अज्ञात के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक सुखदेव भालेकर ने शीघ्र अंधे कत्ल का खुलासा और आरोपियों का पकड़ने की संभावना व्यक्त की है।

## खबर संक्षेप

### 25 अप्रैल तक भेज सकते हैं प्रविष्टि

**सीहोर।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत प्रत्येक वोट जरूरी है विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता होगी। इसमें शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। प्रथम 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए का दिया जाएगा। साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि mp.mygov.in पोर्टल पर भेजना होगी। साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

### प्रोफाइल अपडेट करने की समय-सीमा समाप्त

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया से पहले कॉलेजों को अपनी प्रोफाइल अपडेट करने के लिए 16 अप्रैल तक का समय दिया था। यह तारीख निकल चुकी है, लेकिन कई कॉलेज ऐसे रह गए हैं, जो तकनीकी वजहों से प्रोफाइल अपडेट नहीं कर पाए हैं। ऐसे कॉलेजों को अब तारीख आगे बढ़ने की आस है। अगर तारीख आगे नहीं बढ़ी तो यह कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो सकते हैं। वहीं यूनिवर्सिटी के द्वारा कॉलेजों के प्रोफाइल सत्यापन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरु कर दी गई है। जिन कॉलेजों की संबद्धता दिए जाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है ऐसे कॉलेजों की प्रोफाइल को यूनिवर्सिटी सत्यापित करेगी। जिन कॉलेजों को संबद्धता नहीं दी गई है उनकी प्रोफाइल यूनिवर्सिटी द्वारा सत्यापित नहीं की जाएगी।

### 30 अप्रैल के बाद चुनाव में नहीं लगेगी अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी

**सीहोर।** संचालक लोक शिक्षण ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को कहा है कि अतिथि शिक्षकों की सेवाएं निर्वाचन कार्य में नहीं ली जाएं। अतिथि शिक्षकों की सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 30 अप्रैल तक मान्य की गई हैं। इसके बाद अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान करने का प्रावधान नहीं है। निर्वाचन कार्य में अतिथि शिक्षकों को यथासंभव न लगाया जाए। यदि बहुत जरूरी होने पर ऐसा किया जाना है तो उनकी ड्यूटी 30 अप्रैल 2024 तक ही निर्वाचन कार्य में लगाई जाए। इसके बाद उनकी ड्यूटी नहीं लगाई जा सकती।

## विश्वनाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का छटवां दिन

# राम को कैकेयी के वनवास ने बनाया श्रीरामः उद्धवदास महाराज

**श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ भी किया जाएगा जो 22 अप्रैल को सुबह प्रारंभ होगा व 23 अप्रैल को समापन पश्चात हवन किया जाएगा।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिस केकैयी की सब लोग निंदा करते हैं और रामजी को वनवास भेजने का दोषी मानते हैं, यदि केकैयी नहीं होती तो रामजी को वनवास नहीं होता यदि रामजी को वनवास नहीं होता तो वे राजा राम रहते कभी भी सबके आराध्य श्रीराम नहीं बन पाते। वनवास में अनगिनत जीवों का उद्धार और मानव जीवन के कष्टों को सहने का सफलतम उदाहरण प्रस्तुत करने पर राम को भगवान श्री राम के रूप में जन-जन के पूज्य होने का अधिकार मिला। केकैयी ने राम के कहने पर ही उनके लिए वनवास मांगा था क्योंकि यदि राम वन में नहीं जाते तो हजारों सालों से उनकी राह देख रहे जीवों का उद्धार नहीं हो पाता और भगवान के अवतार का उद्धेष्य ही पूरा नहीं होता इसलिए केकैयी निंदा की नहीं प्रषंसा की पात्र हो जाती है।

उक्त आषय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विष्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के छटवें दिवस बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने कहा लोग कहते हैं कि सत्संग का लाभ नहीं मिलता लेकिन जब तक आप कुसंग का साथ नहीं छोडोगे तब तक आपको सत्संग का लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि एक घडी का सत्संग भी आपके करोडो पापों को नष्ट करने की क्षमता रखता है वहीं एक घडी का कुसंग भी आपके अनगिनत पुण्यों को खराब कर सकता है। यदि आप निरंतर पाप कर्म में लगे रहोगे तो सत्संग के बाद भी पाप नष्ट नहीं हो सकेंगे । महाराज श्री ने कहा कि हर जगह अच्छे और बुरे लोग पाए जाते हैं जैसे अयोध्या में भगवान श्री राम के होते हुए भी मंथरा की दुर्बुद्धि नहीं गई वहीं लंका में राक्षसराज रावण के होते हुए भी विभीषण ने अपनी भक्ति नहीं छोडी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में दो बुद्धि होती है एक सुमति और दूसरी कुमति। यह हमें तय करना है कि हम किसी बुद्धि के अनुसार अपना जीवन चलाते हैं। अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज श्री के साथ संगीत टीम में सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री विषाल व्यास, सहित उनके संगीतज्ञ साथीगण विजेन्द्र मेवाडा, कमलेष, सचिन एवं शुभम नायक ने श्रीराम कथा के दौरान अपने हुनर से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। आज कथा में भगवान श्रीराम के वनवास प्रसंग का वर्णन किया गया, करूण रस से भरे हुए सजीव वर्णन से श्रोता भावविहल हो उठे और उनकी आंखों में आंसू छलक उठे।

## रंगोली बनाकर मतदान के लिए किया गया जागरूक




**सीहोर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में सीएम राइस शासकीय एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी विद्यालय आष्टा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। रंगोली बनाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

### लोकसभा निर्वाचन को दृष्गित रखते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध कर शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र सीहोर, बुधनी एवं इछावर में 05 मई 2024 की सांय 6 बजे से 07 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र आष्टा में 11 मई 2024 की सांय 6 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक मदिरा की बिक्री प्रतिबंध करते हुये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में 04 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## रामराज बैठे त्रिलोका हृदय में राम बिठालो सारी पिड़ा मिट जाएगी:पं.मोहितराम



**सीहोर।** भगवान राम का धरा धाम पर विराजमान होने मात्र से संपूर्ण सृष्टि के संसार के सारे शौक सारे दुख सारे संकट सारी पीड़ा मिट जाती है। भगवान श्रीराम आनंद के सिंधु में सुख की राशि है ऐसी प्रभु श्रीराम को अपने हृदय की अयोध्या में विराजमान कर मानव को भी अपने सारे संकट सारे दुख पीड़ा मिटा लेना चाहिए। उक्त उद्गार ग्राम पचामा की पावन भूमि धर्मस्थली में पूज्य गुरुदेव भगवान धर्म रक्षक संत श्री श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा के संचालन में चल रहे। श्री मारुति नंदन महायज्ञ श्री हनुमंतलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चल रही श्रीराम कथा अमृत महोत्सव में राष्ट्रीय कथा व्यास परम गौभक्त संत पंडित मोहितरामजी पाठक ने अपनी अमृतवाणी में कहे। आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा राम मंगल भवन अमंगल के हरि हैं। जिसके हृदय में जिस घर में जिस मुख पर राम नाम होता है, वहां सदैव मंगल ही मंगल होता है। कितना ही बड़ा दुख संकट आ जाए अमंगल हो नहीं सकता। ग्राम पचामा भगवान श्रीराम की पावन भूमि है। जहां कथा के दौरान पचामा शब्द का वर्णन करते हुए, कहा कि जिस क्षेत्र की पांच माता पंच माँ उसे पचामा कहा जाता है। कौशल्या केकई सुमित्रा जानकी और माता पार्वती जिस ग्राम की रक्षा करें। अपना आशीर्वाद प्रदान करें उसे ही पचामा कहा जाता है। हम सब भी पांच माँ उसे जगत पिता परमेश्वर भगवान श्रीरामचन्द्र प्रभु के चरणों में बैठकर अपना जीवन धन बनाएंगे। आज द्वितीय दिवस की कथा में सती चरित्र का वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति धर्मस्थली ग्राम पचामा ने समस्त क्षेत्र वासियों से कथा एवं यज्ञ में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, हुए नामांकन रैली में शामिल



**सीहोर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इसके बाद वे भोपाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा की नामांकन रैली में शामिल हुए। इससे पहले श्री अरोरा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ में भोपाल पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके चुनाव से संबंधित चर्चा भी की। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अहम दायित्व भी सौंपे। सीहोर जिले की सीहोर, इछावर, आष्टा एवं बुधनी विधानसभा में भाजपा की एकतरफा जीत होगी। सभी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में माहौल है और हर तरफ राम-राम की जय-जयकार हो रही है।

उन्होंने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश सहित सीहोर जिले में इतिहास रचने जा रही है। श्री अरोरा ने भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा की नामांकन रैली में भी सहभागिता की एवं उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मंच भी साझा किया।

### हर्षा राठौर भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त




**सीहोर ।** मध्य प्रदेश के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा , भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नरोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, सीहोर विधानसभा विधायक सुदेश राय , नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऋतु जैन की अनुशंसा से जिला भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष हर्षा राठौर को नियुक्त किया गया है। हर्षा राठौर ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है एवं उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य होगा । उनकी इस नियुक्ति पर बधाई देने वालों में नूतन राठौर जिला मंत्री ,सरोज ठाकुर ,सीमा परिहार ,सुनीता आर्य ,मिथिलेश राठौर, प्रीति सोनी ,प्रभा राठौर, रजनी राठौर ,रीता राठोर ,संगीता एवं भाजपा महिला मोर्चा एवं राठौर क्षत्रिय समाज महिला मंडल ने बधाई दी है ।

## मानसरोवर सेवा समिति ने कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचकर भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा से की भेंट



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में मानसरोवर सेवा समिति की ओर से आधा दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने समाजसेवी संजय कश्यप के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा से भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग हरीहर नगर, ग्राम फंदा कला स्थित मानसरोवरधाम में आगामी 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक होने वाले नौ देवियों की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा एवं सूर्य कलश, विशाल घंटे की स्थापना के दिव्य आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र भेंट किया। इस मौके पर श्री राधेश्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य क्षेत्रवासी शामिल थे। इस मौके पर पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि वह दिव्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए मानसरोवर सेवा समिति के श्री कश्यप ने बताया कि महंत रामप्रवेश दास गुफा मंदिर, हरिहर मंड के महंत शंकरदास स्वामी की प्रेरणा से काशी के यज्ञाचार्य पंडित उमाशंकर याज्ञिक, सहयोगी आयार्च रामकुमार देवलिया, पंडित शालिग्राम, पंडित श्रीकांत मिश्रा और पंडित लेखराज शर्मा आदि के मार्गदर्शन में आगामी 22 से भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। मानसरोवर धाम में नौ देवियों की प्राण-प्रतिष्ठा एवं सूर्य कलश के अलावा करीब 108 किलोग्राम विशाल घंटे की स्थापना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सोमवार को सुबह कलश यात्रा एवं पंचांग पूजन किया जाएगा। मंगलवार को वास्तु पूजन-कर्मकुट, बुधवार को अग्नि स्थानपना के अलावा गुरुवार सुबह जलाधिवास, अन्नाधिवास, शेयाधिवास, मूर्ति का स्थान और शुक्रवार को मंडप पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

## मारवाड़ी महिला मंडल सीहोर के चुनाव संपन्न रजनी बहेती बनीं अध्यक्ष, सचिव मंजू भरतीया







**सीहोर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की शाखा के चुनाव संपन्न हुए। मंडल की बैठक में सर्व सम्मति से रजनी बाहेती को अध्यक्ष पद मनोनित किया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, सचिव मंजू भरतीया, कोषाध्यक्ष, गीता सोडाणी सह सचिव विनिता सोनी चुनी गई। इसके अलावा संरक्षक राजू पालीवाल, प्रकल्प प्रमुख संबंध प्रकल्प प्रतिभा झवर, पर्यावरण शशि विजयवर्गीय, संध्या विजयवर्गीय, संस्कार निर्मला व्यास, महिला सशक्तिकरण पुष्पा सोनी, किरण सोनी, रक्तदान नेत्रदान सरोज सोनी, आभा कासट, बाल विकास प्रकल्प ज्योति अग्रवाल मंजू अग्रवाल चुनी गई। मंडल की सभी पदाधिकारी सहित सदस्यों प्रेमा रुठिया, ज्योति रूठिया, राधा शर्मा, इंदु भावसार, लता खंडेलवाल आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई दी एवं कदम से कदम मिलाकर सेवा कार्यों में साथ देने का संकल्प लिया। अध्यक्ष रजनी बाहेती ने आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा रखी और अध्यक्ष एवं पदाधिकारी ने भी सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### निर्वाचन की दृष्टिगत शुष्क दिवस घोषित




**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा सीहोर, बुधनी, इछावर में 05 मई 2024 की शाम 6 बजे से 07 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक और आष्टा विधानसभा में 11 मई 2024 की शाम 6 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में संपूर्ण जिले में 04 जून 2024 को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## पीपीसीए अकादमी की ओर से युरेश भारती 108 और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन की विस्फोटक शतकीय पारी खेली



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी के अंतर्गत गुरुवार को एक अभ्यास मैच खेला गया था। जिसमें पीपीसीए आकदमी ने पीपीसीए बी को 76 रन से हराया। अब आगामी 22 अप्रैल से प्रतियोगिता का सेमीफाइनल चरण आरंभ होगा। इस मैच में अकादमी के विस्फोटक बल्लेबाज युरेश भारती ने 98 गेंद पर 108 रन और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन की नाट आउट पारी खेली थी। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की सबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपीसीए अकादमी टीम ने निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट खोकर 340 रन बनाए थे। अकादमी की शुरूआत सलामी बल्लेबाज भविष्य ने 25 रन और चिराग ने 16 रन बनाकर की थी, इसके पश्चात रोहन चंद्रवंशी ने मात्र 19 गेंद पर 50 रन के अलावा युरेश भारती ने 108 रन और यशार्थ विसोपिया ने 103 रन बनाए थे। इधर पीपीसीए बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज ने तीन विकेट, सक्षम-जय ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए बी की टीम 264 रन ही बना सकी। इसमें विकास सास्ते ने 79 रन के अलावा वीर गावा ने 80 रन की संघर्षपूर्ण पारियां खेली। इधर विवेक प्रजापति ने चार विकेट, अर्पित ने दो विकेट के अलावा शरद ने तीन विकेट हासिल किए। आज का मैन आफ द मैच युरेश भारती को दिया गया।

### जागरूकता के लिए बनाई जाएगी मानव श्रृंखला

**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला मुख्यालय सीहोर में 24 अप्रैल को बृहद मानव श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय आवासीय खेलकूद संस्थान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाई जाएगी तथा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। जिपं के सीईओ आशीष तिवारी ने वृहद स्तर पर मानव श्रृंखला की आयोजन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## खामखेड़ा जत्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का समापन

# पांडव, देवकी, राधा, सुदामा, प्रहलाद द्रोपदी सब भगवान के लिए रोएः रविशंकर तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खामखेड़ा जत्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिन श्रद्धालुओं के समक्ष श्री हनुमान फाटक मंदिर सीहोर वाले कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी ने कहा कि परिजनों के लिए सब रोते है लेकिन परमात्मा के लिए कोई नहीं रोता है, परमात्मा के लिए रोने वाले पाडंव,देवकी,राधा, प्रहलाद द्रोपदी, सुदामा गोप गोपियां संत महत्मा सब अमर होकर पूजनीय हो गए। हमें भी परिजनों के लिए नही परमात्मा के लिए रोना चाहिए। दान की महीमा बताते हुए श्री तिवारी ने कहा कि दान करने से कभी पीछे नही हटना चाहिए क्योंकी दान करने से धन सौ गुना बढ़ता है और दान नहीं करने से धन घटता है। दानी का धन आम के पेड़ की तरह बढ़ता है और दान नहीं करने वाले का धन गाजर मूली की तरह जड़ से खत्म हो जाता है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग सुनाते हुए पं तिवारी ने कहा कि भोमासुर नामक राक्षस ने अपने कारागार में हजारों युवतियों को बंधक बना लिया था इन युवतियों को भगवान ने राक्षस को मारकर कारागार से रिहा कराया था तब भगवान ने युवतियों के निवेदन पर उनसे बिवाह किया था इस प्रकार भगवान का प्रथम विवाह रूकमण जी फिर जामवंत की पुत्री जामवती से जिस के उपरांत राजा की पुत्री सत्याभामा से हुआ। भगवान के इस प्रकार 16 हजार 108 विवाह सम्पन्न हुए। सुदामा चरित्र सुनाते हुए श्री तिवारी ने कहा कि उज्जैन आश्रम में शिक्षा ग्रहण करते हुए बालसखा श्रीकृष्ण को श्राप से संत सुदामा ने श्रापित चने खाकर बचा लिया था यदी श्रीकृष्ण चने ग्रहण कर लेते तो दानहीन श्रीहीन हो जाते। लेकिन श्राप के प्रकोप के कारण संत सुदामा को भिक्षा के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ी। भगवान के परम भक्त सुदामा के लिए भगवान द्वारकाधीश स्वयं रोते हुए अपने सिंहासन से उतर कर द्वार तक आ जाते है। भगवान स्वयं अपने हाथों से सुदामा के पेर धोते है। भगवान की भक्ति सुदामा की भांति करनी चाहिए। गुरू पुर्णिमा महोत्सव के निमित हो रही श्रीमद भागवत कथा के सातवे दिन बड़ी संख्या में खामखेड़ा जत्रा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं के द्वारा श्री हनुमान फाटक मंदिर सीहोर वाले कथा व्यास पं रविशंकर तिवारी के श्रीमुख कथा का श्रवण किया।